## फरार आरोपी पिस्टल सहित गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। कुन्हाड़ी पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए मारपीट व चाकू दिखाकर फरार चल रहे आरोपी को सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल सहित गिरफ्तार किया है। कुन्हाडी थानाधिकारी अरविन्द्र भारद्वाज ने बताया कि 19 फरवरी को फरियादी शहादत हुसैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा कि अनंतपुरा से काम करके घर की तरफ आ रहा था। चंबल कॉलोनी की समीप राहुल रॉबर्ट ने रोका गाली-गलौच कर जबरन अपने साथ मोटरसाईकिल पर बैठाकर ले गया और आगे जाकर मोटरसाईकिल से उतार दिया और रूपये मांगे नहीं देने पर मारपीट की और चाकू दिखाया इतने में मोहल्ले के लोग आ गये जिन्हें देखकर वह भाग गया।


**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना पुराना नाम RAM AWATAR SWAMI से बदलकर नया नाम RAMAVTAR SWAMI रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-RAMAVTAR SWAMI S/O भूरा स्वामी फरेदुआ समरानिया बारां



जनरल नोटिस

**अज अदालत जिला न्यायाधीश, कोटा जिला कोटा बइजलास श्री सत्यनारायण व्यास, आर.एच.जे.एस. जिला न्यायाधीश, कोटा जिला कोटा**

**मुत्त. आवेदन क्रमांक: (38)160/2024**

1. सुशीला मेवाड़ा पत्नी स्व. श्री ललित कुमार मेवाड़ा, आयु 60 वर्ष, 2. भरत मेवाड़ा पुत्र स्व. श्री ललित कुमार मेवाड़ा, आयु 40 वर्ष, 3. मनोज मेवाड़ा पुत्र स्व. श्री ललित कुमार मेवाड़ा, आयु 38 वर्ष, निवासीगण- मकान नं. 385, जगदीश होटल के पास, रामपुरा, लाडपुरा, कोटा (राजस्थान) मोबाईल नं. 9929308035 ...... प्रार्थीगण

- बनाम -

1. प्रेमलता मालवीय आयु 62 वर्ष पत्नी श्री मोहनलाल मालवीय पुत्री स्व. शंकरलाल मेवाड़ा, निवासी- गली नं. 2, सरस्वती कॉलोनी, रेल्वे कॉलोनी के पास, कोटा जंक्शन, कोटा (राजस्थान) 2. चन्दा बाई आयु 61 वर्ष पत्नी श्री मोहनलाल पुत्री स्व. शंकरलाल मेवाड़ा, निवासी- मोहन किराना स्टोर, किशोरपुरा, कोटा (राजस्थान) 3. शिमला बाई आयु 58 वर्ष पत्नी श्री पाल शंकर पुत्री स्व. शंकरलाल मेवाड़ा, निवासी- मकान नं. 381, श्री केशव विद्यापीठ स्कूल के सामने, बालिता रोड़, कुन्हाड़ी, कोटा (राजस्थान) 4. निर्मला बाई आयु 53 वर्ष पत्नी श्री ओमप्रकाश पारेता पुत्री स्व. शंकरलाल मेवाड़ा, निवासी- मकान नं. 196, केशवपुरा, सेक्टर-6, कोटा (राजस्थान) 5. नागरिक सहकारी बैंक, शाखा रोडवेज वर्कशॉप के सामने, सकतपुरा, कुन्हाड़ी, कोटा राजस्थान जरिये शाखा प्रबन्धक 6. आम जनता ...... प्रतिपक्षीगण


**प्रार्थना-पत्र बाबत् उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी करने बाबत अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम**

हरगाह आम को सूचना दी जाती है कि न्यायालय हाजा में प्रार्थीगण ने उपरोक्त शीर्षक का आवेदन पत्र पेश कर कथन किया है कि प्रार्थीगण की सास व दादी श्रीमति कमला बाई कुन्हाड़ी, कोटा की निवासी थी, जिन्होंने प्रतिपक्षी नं. 5 के यहां बचत खाता संख्या SB357 एवं एफ.डी.आर. खाता सं. KD859 संचालित था। श्रीमति कमला बाई का देहावसान दिनांक 14.09.2024 को कोटा में हो गया है। श्रीमति कमला बाई के प्रार्थीगण व प्रतिपक्षी क्रम-1 लगायत 4 ही वारिस व उत्तराधिकारी है। इनके अलावा अन्य कोई वारिस व उत्तराधिकारी नहीं है। इस कारण प्रार्थीगण व प्रतिपक्षी क्रम-1 लगायत 4 संयुक्त रुप से उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने के अधिकारी हैं।

अतएव आम जनता को सूचना दी जाती है कि यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किये जाने में किसी प्रकार की आपत्ति व एतराज हो तो वह व्यक्ति दिनांक **11.03.2025** को समय **10:30 बजे AM** पर न्यायालय हाजा में वकालतन व असालतन रुप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति पेश करें अन्यथा आवेदन स्वीकार कर उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी कर दिया जावेगा। अतएव यह सूचना पत्र न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से आज **दिनांक 15 माह 02 सन् 2025** को जारी किया गया।

(मुद्रा) न्यायालय के आदेश से वरिष्ठ मुंसरिम जिला एवं सेशन न्यायालय, कोटा (राज.)


# सप्त शक्ति कमांड के अलंकरण समारोह में मेडल देकर सेना के अधिकारियों व जवानों का सम्मान किया



सप्त शक्ति के दक्षिण-पश्चिच अलंकरण समारोह में मेडल पाने वाले अधिकारी व जवान मौजूद रहे।

■ अलंकरण समरोह सैन्य भव्यता के साथ हुआ आयोजित

**कोटा,** (निसं)। भारतीय सेना के सप्त शक्ति दक्षिण-पश्चिम कमान अलंकरण समारोह का आयोजन गुरूवार को सैन्य स्टेशन के गांडीव ऑडोटोरियम मे पारंपरिक उत्साह एवं सैन्य भव्यता के साथ आयोजित किया गया। सप्त शक्ति कमांड के अलंकरण समारोह के समापन मे आर्मी कमांडर दक्षिण-पश्चिम कमान की ओर से लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर की ओर से 10 कोर कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल नागेन्द्र सिंह ने शिरकत की।

समारोह मे मिलिट्री स्टेशन गांडिव डिविजन के जनरल कमांडिग ऑफिसर मेजर जनरल गौरव मिश्रा भी मौजूद रहे। समारोह मे 14 सैन्य अधिकारियों व जवानों को देश के लिये कर्तव्य निभाने में अग्रणी रहने व उनकी बहादुरी के लिये मेडल देकर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने वालों मे 10 अधिकारी, एक जूनियर कमीशन अधिकारी और तीन जवान शामिल थे। अलकंरण समापन समारोह मे लेफ्टिनेंट जनरल नागेन्द्र सिंह ने सात सेना मेडल (वीरता), एक युद्ध सेवा मेडल, एक सेना मेडल (विशिष्ट) और पांच विशिष्ट सेवा मेडल जवानों को प्रदान किये गये। अलकंरण समारोह समारोह वर्ष में एक बार व्यक्तिगत वीरता और कर्तव्य के प्रति असाधरण समर्पण के कार्यो से खुद को प्रतिष्ठित करने वाले कर्मियों को विभिन्न पुरस्कार प्रदान करने के लिये आयोजित किया जाता है। साथ ही कमांड की 16 यूनिटों को जनरल ऑफिसर कमांडिग-इन-चीफ-दक्षिण पश्चिम कमांड यूनिट प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। दक्षिण-पश्चिम कमान अलंकरण समारोह के मुख्य अतिथि 10 कोर कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल नागेन्द्र सिंह ने सभी पुरस्कार विजेताओ को उनकी साधारण वीरता और राष्ट्र के लिये विशिष्ट सेवा का सम्मान करते हुए बधाई दी, और कहा कि यह पदक आपके साथियों की मदद से मिला है आपको सबका ऋणी रहना चाहिये। उन्होंने सभी रैंको, दिग्गजों और उनके परिवारों से राष्ट्र के प्रति अपनी अटुट प्रतिबद्धता की पुष्टि करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि आप लोग यूनिट्स में जायेगे तो यह अवार्ड अपनी यूनिट्स और पलटनों में दिखाए ताकि यूनिट्स के दूसरे जवानों को भी प्रेरणा मिलें।

अलग-अलग राज्यों मे होता है आयोजित-राजस्थान डिफेंस के जनसंपर्क अधिकारी कर्नल अमिताभ शर्मा ने कहा कि अलंकरण समारोह साल में एक बार अलग-अलग राज्यों में आयोजित किया जाता हैं। इस बार कोटा में आयोजित दक्षिण-पश्चिम कमान अलंकरण समारोह मे 'नो योर आर्मी' के तहत दो दिन के लिये लगाई गई प्रदर्शनी में आमजन व स्कूली बच्चों युवा पीढ़ी ने सैन्य शक्ति की ताकत को देखा और आर्मी की एडवांस टैक्नॉलोजी के हथियारों व टेंको के बारे में जानकारी ली। युद्ध सेवा मेडल पाने वाले कर्नल ऋषिकेश ने कहा कि उन्हे यह मेडल ढाई साल जम्मू कश्मीर मे पोस्टेड रहने के दौरान पूरे इलाके मे अमन कायम करने के लिये दिया गया है जिसका श्रेय वह अपनी पूरी टीम को देते है वही पदक पाने वाले अधिकारियों व जवानों ने पदक का श्रेय अपनी पूरी टीम को दिया। समारोह मे पुरस्कार विजेताओं के गौरवमयी परिवार मौजूद थे, जिनका बलिदान और दृढ़ समर्थन भारतीय सेना की वीरता और समर्पण की स्थाई विरासत का आधार बना हुआ है।

## कंक्रीट से इको फ्रेंडली टाइल्स बनाई

**कोटा,** (निसं)। बढ़ते प्रदूषण के मध्य नजर अब मकान के निर्माण को भी इको फ्रेंडली बनाने के लिए नए प्रयास शुरू हो गए हैं। इस क्षेत्र में कार्य करने वाले असीम भूलिया ने बताया कि आजकल शहरों में लोग इको फ्रेंडली उत्पादों को पसंद करते हैं और लोगों की पसंद अब घर के निर्माण में भी इको फ्रेंडली होने लगी है आमजन की इको फ्रेंडली चॉइस को देखते हुए ही कंपनी ने अपने टाइल्स उत्पादन को इको फ्रेंडली बनाया है जो मजबूत और टिकाऊ होने के साथ उच्च गुणवत्ता वाला कंक्रीट का उत्पादन है जो कई वर्षों तक चलता है।

कंपनी का उदयपुर के बाद राजस्थान में कोटा का यह दूसरा शोरूम शुरू हो गया है। यहां आईजीबीसी प्रमाणित ग्रीन कंक्रीट और पर्यावरण के अनुकूल उत्पादों के साथ कोटा के आर्किटेक्ट्स, डिजाइनर्स और घर मालिकों को टिकाऊ और आकर्षक डिजाईनों का अनोखा अनुभव मिलेगा। कंपनी के वर्तमान में 65 से अधिक डिजाईन और 16 आकर्षक रंगों का कलेक्शन है, जिससे किसी भी स्पेस को नया और आकर्षक रूप देने के लिए पूर्ण है। ग्रीन कंक्रीट तकनीक आधारित होने से यह उत्पाद कम कार्बन उत्सर्जन से पर्यावरण फ्रेंडली भी है।

इसकी सबसे बड़ी खूबी यह मजबूत और टिकाऊ तकनीक होन से यह उत्पाद घर, ऑफिस आदि को खूबसूरती प्रदान करता है। कुल मिलाकर इंटीरियर डिजाइन के लिए यह बेहतरीन उत्पादन होने के साथ पर्यावरण फ्रेंडली स्थाई डिजाइन में इनोवेशन, मजबूत और टिकाऊ एलिवेशन इंटीरियर्स और कमर्शियल स्पेस के लिए पूरी तरह से निपुण और बेमिसाल समाधान है। कोटा नई धानमंडी में ऑरा हे कॉक्रीट के शोरूम का गुरूवार को शुभारंभ हुआ। शोरूम के निदेशक शुभम हांडा ने बताया कि शोरूम का उद्घाटन हे कॉक्रीट के को फाउंडर असीम बोलिया, इंटीरियर डिजाइनर दीपेश अग्रवाल व गौरव जयसिंघानी, जावेद, शुभम बाबेल ने विधिवत रूप से फीता काटकर किया।


**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक:-2109 नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना दिनांक:-20.2.2025

नगर विकास न्यास कोटा की जवाहर मार्केट व्यवसायिक योजना के भूखंड/दुकान संख्या 80 का आवंटन/रजिस्ट्री न्यास के पत्र दिनांक 27.06.1979 को श्री हुन्द राज पुत्र श्री शिवल दास को किया गया था। आवंटी द्वारा उक्त भूखंड/दुकान जर्ये मुख्तारआम श्री अशोक कुमार पुत्र श्री भागचंद द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 06.04.2017 को श्री ओमप्रकाश पुत्र श्री भागचंद को विक्रय कर दिया गया है। क्रेता श्री ओमप्रकाश की मृत्यु दिनांक 22.04.2017 को हो चुकी है। मृत्यु उपरांत आवंटी के विधिक वारिसान हकदार द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र, रिलीज डीड, शपथ पत्र, आई.डी. इत्यादि प्रस्तुत कर उक्त भूखंड/आवास को अपने नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/दुकान संख्या 80 योजना जवाहर मार्केट व्यवसायिक का नाम हस्तांतरण श्रीमती मीरा उतवानी पत्नी श्री ओमप्रकाश के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण कोटा



**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक:-2380 विज्ञप्ति दिनांक:-20.2.2025

मुख्यमंत्री जन आवास योजनान्तर्गत भदाना अफोर्डेबल आवासीय योजना में आर्थिक दृष्टि से कमजोर आय वर्ग में सामान्य कोटे से आवंटित आवास संख्या-B-62 का प्रोविजनल आवंटन पत्र क्रमांक एफ-11/नविन्या/लॉटरी/236 दिनांक 07.12.2012 को श्रीमती जेनब बानो पत्नी श्री जुम्मन खॉ को आवंटित किया गया था। आवंटी की मृत्यु दिनांक 06.04.2024 को हो गई है। मृत्यु के उपरांत आवंटी की विधिक वारिसान श्रीमती रिहाना बानो पुत्री श्री जुम्मन खॉ ने शपथ पत्र, आई.डी., रिलीज डीड एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के साथ उक्त आवास के नाम हस्तान्तरण हेतु आवेदन किया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि जिस किसी को भी उक्त आवास का हस्तान्तरण किए जाने में कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति दर्ज कराये अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास का स्वामित्व हस्तान्तरण श्रीमती रिहाना बानो पुत्री श्री जुम्मन खॉ के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उप सचिव कोटा विकास प्राधिकरण कोटा


## भीतरिया कुंड में रुद्र महायज्ञ शुरू

**कोटा,** (निसं)। महाशिवरात्रि महोत्सव के तहत शिवपुरा भीतरिया कुंड स्थित सोमेश्वर महादेव मंदिर पर शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। शिव महापुराण कथा वाचन पं.राहुल पाराशर ने व्यासपीठ पर किया। उन्होंने कहा कि शिव की कथा सुनने से ज्ञान और सीख तो मिलती ही है और जीवन भी सार्थक होता है। गुरुवार को उन्होंने नारद मोह प्रसंग सुनाया। भगवान विष्णु को दिए श्राप के प्रसंग को उन्होंने सुनाया। वहीं गुरुवार को नौ कुंडीय रूद्र महायज्ञ का आयोजन हुआ, यहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 21 हजार आहुतियां दी गई। यज्ञ आचार्य पंडित श्यामसुंदर गौतम ने बताया कि अरणी मंथन, ब्राह्मण वरन किया। समिति अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने बताया कि 26 फरवरी को निशुल्क सर्वजातीय कन्या विवाह सम्मेलन का आयोजन होगा। इसमें 32 जोड़े इस बार शामिल हो रहे है। 26 फरवरी दोपहर को कन्याओं को बग्गी में बैठाकर निकासी निकाली जाएगी। वहीं दुल्हे घोड़े पर सवार रहेंगे। 25 फरवरी को भीतरिया कुंड स्थित पंचमुखी सोमेश्वर महादेव का विशेष श्रृंगार और महाआरती होगी। शाम को चंबल की आरती की जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में शहरवासी भाग लेंगे।

# राजस्थान शाखा की 12वीं राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस कोटा में, 22 व 23 फरवरी को

**कोटा,** (निसं)। रिसर्च सोसायटी फॉर द स्टडी ऑफ डायबिटीज इन इंडिया की ओर से राजस्थान शाखा आगामी 22 व 23 फरवरी को कोटा में 12वीं राष्ट्रीय कांफ्रेंस आयोजित की जा रही है जिसका विषय रखा गया है 'मधुमेह देखभाल में बदलाव -बदलते नवाचार' (ट्रांसफॉर्मिंग डायबीटिक केयर-बेसिक टु इन्नोवेशंस)। इस कांफ्रेंस के ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन डॉक्टर गिरीश माथुर और ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री डॉक्टर जीडी रामचंदानी ने बताया की इस राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में देश के 600 डॉक्टर भाग ले रहे हैं तथा इस कांफ्रेंस में देश के जाने-माने 70 विशेषज्ञ वक्ता के रूप में भाग ले रहे हैं।

उन्होंने बताया कि इस कांफ्रेंस के संरक्षक और फाउंडर चेयरमैन डॉक्टर के.के. पारीक हैं, जबकि साइंटिफिक समिति की चेयरमैन डॉ मीनाक्षी शारदा है। दो दिवसीय इस कांफ्रेंस में जो 35 विषय विशेषज्ञ अन्य प्रदेशों भाग ले रहे हैं उनमें से प्रमुख हैं मुंबई से पदमश्री डॉक्टर शशांक जोशी, मुंबई से ही डॉक्टर मंगेश तिवास्कर और डॉ दीपक जुमानी, कोलकाता से डॉक्टर ज्योतिर्मय पाल, डॉ.नंदिनी चटर्जी, सिलीगुड़ी से डॉक्टर शेखर चक्रवर्ती, पुणे से डॉक्टर संजय अग्रवाल, कटक से डॉक्टर जायंत पांडा, नागपुर से डॉक्टर सुनील गुप्ता, हैदराबाद से डॉक्टर जी नरसिमुलु और डॉक्टर रवि कीर्ति, दिल्ली से डॉक्टर प्रीतम गुप्ता, डॉक्टर जेके शर्मा, डॉ.एमपीएस चावला, गुड़गांव से डॉक्टर मुनीश प्रभाकर व डॉक्टर अशोक तनेजा, गाजियाबाद से डॉक्टर एनके सोनी, अहमदाबाद से डॉक्टर बंसी साबू और डॉक्टर स्मिता कांफ्रेंस के चुनिंदा सत्र में चुनिंदा विषयों पर वार्ता देंगे। इसके अलावा राजस्थान से भी लगभग 40 विशेषज्ञ वार्ता देंगे।

वार्षिक कांफ्रेंस का उद्घाटन एपीआई के अध्यक्ष डॉ.ज्योतिर्मय पॉल करेंगे, उद्घाटन सत्र में विशिष्ट अतिथि के रूप में साउथ ईस्ट एशिया के पुव्आईडीएफ चेयर डॉ.शशांक जोशी होंगे, जबकि आरएसएसडीआई के नेशनल सेक्रेट्री डॉक्टर संजय अग्रवाल और एपी के इमीडिएट पूर्व प्रेसिडेंट डॉ मिलिंद नाडकर अतिथि होंगे। इस वार्षिक कांफ्रेंस में अनेक अवार्ड भी दिए जाएंगे जिनमें से प्रमुख है, राजस्थान लीजेंड अवार्ड डॉ.केके पारीक को, लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड 2024 डॉ गिरीश माथुर और डॉ.रमन पुरी कार्डियोलॉजिस्ट दिल्ली को, इसके अलावा प्रोफेसर नरेश आरेशन 2024 डॉ. गिरीश वर्मा को, डिस्टिंग्विश सर्विस अवार्ड 2024 डॉ.प्रकाश केसवानी को, डिस्टिंग्विश मेंबर अवार्ड 2024 डॉ पुनीत सक्सेना को और इंक्रेडिबल सोशल अवार्ड 2024 डॉ.अनिल समरिया को दिया जाएगा। इस दो दिवसीय कांफ्रेंस में विशेषज्ञ वार्ताओं के अलावा पैनल डिस्कशन, डिबेट, वर्कशॉप, क्विज, केस बेस्ड डिस्कशन तथा पोस्टर प्रेजेंटेशन भी होंगे।

कॉन्फ्रेंस के अलग-अलग सत्रों में विभिन्न प्रमुख विषयों पर भी चर्चा होगी जिसमें प्रमुख हैं मैनेजमेंट आफ डायबीटिक न्यूरोपैथी, इंटरनेशनल लिपिड गाइडलाइंस, एंटीबायोटिक चॉइसेज इन डायबिटीज, टीबी और डायबिटीज, डायबिटीज और मोटापा, कैल्शियम और विटामिन डी सप्लीमेंट, हीमोग्लोबिन और डायबिटीज हाइपोग्लाइसीमिया, युवा वर्ग में मधुमेह, बुजुर्गों, महिलाओं और गर्भवती महिलाओं में मधुमेह आदि। इस कॉन्फ्रेस में, डायबिटीज के बारे में विस्तार से चर्चा करेंगे, जिसमें इसके बेसिक्स, एडवांस्ड कॉन्सेप्ट्स, और नवीनतम इनोवेशन्स शामिल हैं।

डायबिटीज देखभाल में नवाचारों की भूमिका महत्वपूर्ण है। बदलते समय में डायबिटीज के उपचार और प्रबंधन में नए तरीकों और तकनीकों का विकास हो रहा है। यहाँ कुछ बदलते नवाचार हैं जो डायबिटीज देखभाल में क्रांति ला रहे हैं जिनको इस कॉन्फ्रेंस में चर्चा की जाएगी।

डिजिटल हेल्थ टेक्नोलॉजी ने डायबिटीज देखभाल में नए अवसर प्रदान किए हैं। मोबाइल ऐप्स, वियरेबल डिवाइसेज, और टेलीमेडिसिन प्लेटफॉर्म डायबिटीज रोगियों को अपने रक्त शर्करा के स्तर को ट्रैक करने, अपने आहार और व्यायाम को प्रबंधित करने, और अपने डॉक्टरों से जुड़ने में मदद कर रहे हैं।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग तकनीकें डायबिटीज देखभाल में नए तरीकों से डेटा का विश्लेषण करने में मदद कर रही हैं। ये तकनीकें डॉक्टरों को रोगियों के रक्त शर्करा के स्तर को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने, उनके आहार और व्यायाम को अनुकूलित करने, और उनके स्वास्थ्य परिणामों में सुधार करने में मदद कर रही हैं।

इन बदलते नवाचारों के साथ, डायबिटीज देखभाल में एक नए युग की शुरुआत हो रही है। ये तकनीकें डॉक्टरों को रोगियों के लिए बेहतर उपचार विकल्प प्रदान करने में मदद कर रही हैं और उनके स्वास्थ्य परिणामों में सुधार कर रही हैं।


**कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक:-एफ-15/कृ.भू.रू./2025/3376 विज्ञप्ति दिनांक:-19.2.2025

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम रंगतालबा उर्फ कालातालाब में स्थित कृषि भूमि योजना पार्वती पुरम विस्तार ब्लॉक-ए भूखंड संख्या 29 दक्षिणी खसरा नं. 363 आवेदक/आवेदिका श्रीमती कमलेश पत्नी श्री चन्द्रभान निवासी 29 पार्वतीपुरम ग्राम रंग तालाब उर्फ कालातालाब कोटा द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखंड का पट्टा क्रमांक 99 दिनांक 27.05.2016 को श्री शरीफ मोहम्मद पुत्र श्री गफूर मोहम्मद के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी द्वारा उक्त भूखंड का बैचान जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 18.12.2017 को श्री चन्द्रभान सिंह पुत्र श्री मंगतीराम को बैचान किया गया है। क्रेता चन्द्रभान सिंह की मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार दिनांक 09.09.2018 को हो चुकी है। मृतक के विधिक वारिसान पत्नी कमलेश, पुत्र आशीष चौधरी, आलोक चौधरी है। वारिसान आशीष चौधरी, आलोक चौधरी द्वारा जर्ये रजि. हकत्याग पत्र दिनांक 27.06.2023 को आवेदिका के पक्ष में किया गया है।

अत: श्रीमती कमलेश पत्नी श्री चन्द्रभान के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण



**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक:-1867 नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना दिनांक:-20.2.25

नगर विकास न्यास कोटा की विनोबा भावे नगर "निर्धन को आंगन" योजना के भूखंड/आवास संख्या 758 का आवंटन/हस्तान्तरण/रजि. न्यास के पत्र दिनांक 23.04.2010 को श्री रोहित नन्दवाना पुत्र श्री श्याम सुन्दर नन्दवाना को किया गया था। आवंटी द्वारा उक्त भूखंड/आवास का जर्ये मुख्तारआम श्रीमती ज्योति गोचर पत्नी श्री रविकान्त गोचर द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 16.12.24 को श्री बंशीधर सुमन पुत्र श्री रामकिशन सुमन को विक्रय कर दिया गया है। क्रेता द्वारा उक्त भूखंड/आवास का अपने नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 758 योजना विनोबा भावे नगर "निर्धन को आंगन" का नाम हस्तान्तरण श्री बंशीधर सुमन पुत्र श्री रामकिशन सुमन के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा



**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक:-1866 नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना दिनांक:-20.2.25

नगर विकास न्यास कोटा की विनोबा भावे नगर "निर्धन को आंगन" योजना के भूखंड/आवास संख्या 1343 का आवंटन/हस्तान्तरण/रजि. न्यास के पत्र दिनांक 13.08.2012 को श्री हरीश चंद सोनी पुत्र श्री हरनारायण सोनी को किया गया था। आवंटी द्वारा उक्त भूखंड/आवास का जर्ये मुख्तारआम श्री दीनदयाल पुत्र श्री राधेश्याम जागा द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 18.08.2021 को श्री अशोक कुमार शर्मा पुत्र श्री बृजमोहन शर्मा को विक्रय कर दिया गया है। क्रेता द्वारा उक्त भूखंड/आवास का अपने नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 1343 योजना विनोबा भावे नगर "निर्धन को आंगन" का नाम हस्तान्तरण श्री अशोक कुमार शर्मा पुत्र श्री बृजमोहन शर्मा के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा



**कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक:-एफ-15/कृ.भू.रु./2025/3373 दिनांक:-19.02.2025

**आपत्ति आमंत्रण सूचना पत्र**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा कृषि भूमि पर बसी निम्न अनुमोदित कालोनी के पट्टे हेतु आवेदन प्राप्त हुए है, जिस किसी हितबद्ध व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिवस के अन्दर आपत्ति दर्ज करवा सकता है, मियाद निकलने के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी तथा प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर आवेदक के पक्ष में पट्टा जारी कर दिया जावेगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम मय पिता/पति | कालोनी का नाम | भू.सं. | खसरा नं. | ग्राम का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री फारुख अहमद पुत्र श्री मुस्ताक अहमद | शिवाजी नगर | 159 | 129 | कन्सुआ |

उक्त विज्ञप्ति केवल आपत्ति आमंत्रण के लिए है मूल दस्तावेज व अन्य जांच के उपरान्त ही पट्टा जारी किया जावेगा।

उपायुक्त (प्राधिकृत अधिकारी) कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा



प्ररूप-10 (नियम 6 (7) देखिए)

**अधिशाषी अधिकारी का कार्यालय नगर पालिका अन्ता जिला-बारां (राज.)**

क्रमांक/2025/4677 दिनांक-17.02.25

**लोक सूचना**

1. श्रीमती रामजानकी बाई पत्नी श्री पुरुषोत्तम अग्रवाल निवासी अन्ता जिला-बारां (राज.) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन (व्यवसायिक) के कृषि उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात:-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| जिला-बारां तहसील-अन्ता | राजस्व ग्राम बम्बोरी पटवार हल्का बम्बोरी तह. अन्ता | 1203/640 रकबा 0.24 हैक्टर | 2400 वर्गमीटर |

इसलिये, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिये भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृत अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपयुर्क्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधिन आज 17.02.2025 को जारी की गयी।

प्राधिकारी अधिकारी नगरपालिका अन्ता



राजस्थान-सरकार

**कार्यालय खनि अभियन्ता, खान एवं भू विज्ञान विभाग, रामगंजमण्डी**

ई-मेल आई.डी.-me.ramganjmandi@rajasthan.gov.in

क्रमांक:-खअ/राम/सीसी/एम.एल.नं. 121 (1992) व 19 (1993)/2025 दिनांक:-

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के क्षेत्राधिकार में श्री अब्दुल सत्तार पुत्र श्री अब्दुल करीम निवासी मोड़क स्टेशन तहसील रामगंजमंडी जिला कोटा (राज.) के पक्ष में खननपट्टा संख्या 121/1992 वास्ते खनिज लाईम स्टोन (बिल्डिंग स्टोन) क्षेत्र 25.00 हैक्टेयर निकट ग्राम चेचट तहसील चेचट जिला कोटा में वार्षिक स्थिरभाटक राशि रुपये 23,75,000/- पर अवधि दिनांक 25.03.1983 से 24.03.2033 तक एवं खननपट्टा संख्या 19/1992 वास्ते खनिज लाईम स्टोन (बिल्डिंग स्टोन) क्षेत्र 25.00 हैक्टेयर निकट ग्राम चेचट तहसील चेचट जिला कोटा में वार्षिक स्थिरभाटक राशि रुपये 23,75,000/- पर अवधि दिनांक 02.03.1984 से 01.03.2034 तक के लिए स्वीकृत होकर प्रभावशील है।

खननपट्टाधारी के पुत्र श्री अब्दुल अलीम पुत्र श्री अब्दुल सत्तार निवासी मोड़क स्टेशन तहसील रामगंजमंडी जिला कोटा द्वारा कार्यालय में दिनांक 12.12.2024 को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर खननपट्टाधारी श्री अब्दुल सत्तार का स्वर्गवास दिनांक 08.12.2024 को होने की सूचना दी गई तथा खननपट्टा संख्या 121/1992 एवं 19/1992 का नामान्तरण खननपट्टाधारी स्वर्गीय श्री अब्दुल सत्तार के पुत्र श्री अब्दुल अलीम, श्री अब्दुल नईम, श्री अब्दुल मुकीम, श्री अब्दुल मोईन व श्री अब्दुल मोहसिन निवासी मोड़क स्टेशन तहसील रामगंजमंडी जिला कोटा के पक्ष में किए जाने हेतु जरिये चालान जी.आर.एन. नम्बर 0101053324 दिनांक 19.02.2025 से आवेदन शुल्क राशि रुपये 2,000/-एवं जी.आर.एन. नम्बर 0101052433 दिनांक 19.02.2025 से आवेदन शुल्क राशि रुपये 2,000/-जमा कराते हुए दिनांक 19.02.2025 को ऑनलाईन आवेदन कर हार्ड कॉपी कार्यालय में दिनांक 20.02.2025 को प्रस्तुत की गई है।

अत: खननपट्टा संख्या 121/1992 एवं 19/1992 का नामान्तरण खननपट्टाधारी स्वर्गीय श्री अब्दुल सत्तार के पुत्र श्री अब्दुल अलीम, श्री अब्दुल नईम, श्री अब्दुल मुकीम, श्री अब्दुल मोईन व श्री अब्दुल मोहसिन निवासी मोड़क स्टेशन तहसील रामगंजमंडी जिला कोटा के पक्ष में किए जाने में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय समुचित कारणों के लिखित में इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अन्दर कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद गुजरने के किसी का कोई उज्र मान्य नहीं होगा तथा खननपट्टा संख्या 121/1992 एवं 19/1992 का नामान्तरण श्री अब्दुल सत्तार के पुत्र श्री अब्दुल अलीम, श्री अब्दुल नईम, श्री अब्दुल मुकीम, श्री अब्दुल मोईन व श्री अब्दुल मोहसिन निवासी मोड़क स्टेशन तहसील रामगंजमंडी जिला कोटा के पक्ष में किए जाने की कार्यवाही की जावेगी।

खनि अभियन्ता, रामगंजमण्डी


# न्यायालयों के लिए रामगंजमंडी से आठ किमी दूर भूमि आवंटित करने के प्रयास का विरोध

**रामगंजमण्डी,** (निसं)। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के प्रस्तावित भवन के लिए वर्तमान परिसर में ही बनवाये जाने की मांग करते हुए अभिभाषक परिषद ने दोनों भवन के लिए रामगंजमंडी से बाहर भूमि आवंटित करने के प्रयास का विरोध किया है। परिषद के अध्यक्ष चन्दन गुप्ता एडवोकेट ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस परिषद सभागार में बुलाई। जिसमें बताया कि रामगंजमंडी में दो न्यायालय के भवन वर्तमान में नहीं हैं तथा दोनों भवनों के निर्माण के लिए राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा बजट आवंटित किया गया है। वर्तमान परिसर में तहसील कार्यालय, उपखण्ड अधिकारी कार्यालय एवं न्यायालय, ग्राम न्यायालय, सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट के भवन के साथ उप कोषाधिकारी कार्यालय के भवन मौजूद हैं तथा अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश तथा अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के भवन निर्माण प्रस्तावित है। जिसके लिए अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश शैलेश जड़िया द्वारा उपखण्ड अधिकारी नीता वसीटा, तहसीलदार नेहा वर्मा, सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता हरिराम मीणा, अभिभाषक परिषद अध्यक्ष चन्दन गुप्ता की मौजूदगी में वर्तमान परिसर में खाली पड़ी भूमि की पैमाईश करवाते हुए उक्त भूमि को दोनों न्यायालय के भवन के लिए उपयुक्त बताया था। किन्तु उपखण्ड अधिकारी नीता वसीटा द्वारा उक्त भूमि दोनों न्यायालय भवन के लिए आवंटित करने में अपनी असहमति जताते हुए रामगंजमंडी से आठ किमी दूर निमाणा में भूमि आवंटित करने का सुझाव दिया। दो न्यायालय भवन आठ किमी दूर बनाने का विरोध करते हुए अधिवक्ताओं ने कहा कि रामगंजमंडी से आठ किमी दूर दो न्यायालय भवन बनाने से अधिवक्ताओं, पक्षकारों एवं न्यायालय कर्मचारियों को भारी असुविधा होगी तथा तीन न्यायालय का अपीलीय न्यायालय अपर जिला एवं सेशन न्यायालय होने से आठ किमी दूर बार-बार आना जाना वकीलों, पक्षकारों व कर्मचारियों के लिए भी संभव नहीं है। जबकि उक्त खाली भूमि का चार न्यायालय के भवन का नक्शा सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा बनवाया गया जिसे पूर्व में ही राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा स्वीकृत किया हुआ है। गुप्ता ने कहा कि दोनों न्यायालय भवन वर्तमान परिसर में ही बनाने के लिए शीघ्र जन आंदोलन किया जायेगा तथा आवश्यक होने पर उपखण्ड अधिकारी का बहिष्कार भी किया जायेगा।

हरिराम मीणा, सहायक अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, रामगंजमण्डी ने बताया कि एकल भवन दोनों न्यायालय एडीजे एवं एसीजेएम के लिए न्यायालय भवन मय अंडरग्राउंड पार्किंग बनाने हेतु भूमि पर्याप्त है तथा बनाया जाना सम्भव है।

चन्दन गुप्ता, अध्यक्ष, बार एसोसिएशन, रामगंजमण्डी ने बताया कि वर्तमान भूमि जो 120 गुणा 144 वर्गफुट है वह पर्याप्त है तथा दोनों न्यायालय आसानी से बनाए जा सकते हैं अन्य न्यायालय भी वर्तमान परिसर में ही चल रहे हैं।


**राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**

क्रमांक 4565 जाहिर आम सूचना दिनांक - 20.2.25

आवास संख्या 3-जी-12 तलवण्डी कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री केशव चन्द्र ठाकुर पुत्र स्व. श्री प्रकाश चन्द्र ठाकुर को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्री केशव चन्द्र ठाकुर पुत्र स्व. श्री प्रकाश चन्द्र ठाकुर द्वारा दिनांक 16.02.1991 को अपने पक्ष में करवाया गया। श्री केशव चन्द्र ठाकुर पुत्र स्व. श्री प्रकाश चन्द्र ठाकुर की मृत्यु दिनांक 14.06.2005 को हो जाने के उपरांत उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर दिनांक 09.11.2023 को श्रीमती आशा बगाई पत्नी श्री पृथ्वीराज बगाई (पुत्री स्व. श्री केशव चन्द्र ठाकुर), श्रीमती अनीता मागो पत्नी श्री विजय कुमार (पुत्री स्व. श्री केशव चन्द्र ठाकुर) एवं श्रीमती अलका ठाकुर पत्नी स्व. श्री राजेश चन्द्र ठाकुर के नाम संयुक्त रुप से किया गया। तत्पश्चात श्रीमती आशा बगाई पत्नी श्री पृथ्वीराज बगाई (पुत्री स्व. श्री केशव चन्द्र ठाकुर), श्रीमती अनीता मागो पत्नी श्री विजय कुमार (पुत्री स्व. श्री केशव चन्द्र ठाकुर) एवं श्रीमती अलका ठाकुर पत्नी स्व. श्री राजेश चन्द्र ठाकुर द्वारा इस आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 10.07.2024 को पल्लवी गोठानिया पुत्री श्री प्रभूलाल गोठानिया को किया गया। पल्लवी गोठानिया पुत्री श्री प्रभूलाल गोठानिया द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 3-जी-12 तलवण्डी कोटा को विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मंडल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अत: उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर पल्लवी गोठानिया पुत्री श्री प्रभूलाल गोठानिया का नाम दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर पल्लवी गोठानिया पुत्री श्री प्रभूलाल गोठानिया का नाम दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर पल्लवी गोठानिया पुत्री श्री प्रभूलाल गोठानिया के नाम दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा


# छत्रपति शिवाजी जयंती पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन एवं सामाजिक कार्य हुए

**कोटा,** (निसं)। वीर शिवाजी संगठन के अध्यक्ष मोहित गौतम के नेतृत्व में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर डीसीएम चौराहे स्थित शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संगठन के सदस्यगण और स्थानीय नागरिकों ने एकजुट होकर शिवाजी महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से की गई, जिसमें सभी उपस्थित सदस्यों ने श्रद्धा भाव से शिवाजी महाराज की प्रतिमा के समक्ष दीप जलाकर और माल्यार्पण करके श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विवेकानंद नगर स्थित सेवा धाम आश्रम में वृद्धजनों को भोजन करवाया गया व खड़े गणेशजी के यहां गायों को चारा खिलाया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वीर शिवाजी संगठन के अध्यक्ष मोहित गौतम ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज केवल एक महान योद्धा ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और शौर्य के प्रतीक है। उनका साहस, नेतृत्व और न्यायप्रियता आज भी हम सब के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उनका समर्पण और देशभक्ति हमें हमेशा अपने कर्तव्यों को निभाने की प्रेरणा देते हैं।


कोटा में छत्रपति शिवाजी जयंती पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन किया गया।

उन्होंने आगे कहा कि हमारे लिए यह गर्व की बात है कि हम ऐसे महापुरुष की जयंती मना रहे हैं, जिन्होंने अपने अद्वितीय नेतृत्व से समूचे देश को एक नई दिशा दी। शिवाजी महाराज का जीवन हमें यह सिखाता है कि कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी अपने आदर्शोंऔर सिद्धांतों के साथ खड़ा रहना चाहिऐं। हमें अपने समाज और राष्ट्र की सेवा में उसी तरह समर्पित होना चाहिए, जैसा शिवाजी महाराज ने अपने जीवन में किया।

आज हम सभी संकल्प लेते हैं कि हम अपने जीवन में शिवाजी महाराज के आदर्शों को अपनाकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर संगठन उपाध्यक्ष अंकुर गौतम, संस्थापक सदस्य सोनू गौड़, शिवाजी सेना संयोजक राधे गौतम, उदय सिंह, रमेश यादव, रोहित प्रजापति, नितेश पंकज, परमेंद्र आर्य, मनोज गुर्जर, योगेंद्र शर्मा इन्द्रराज मीणा, पवन मेघवंशी, पवन नागर, रवेश शर्मा, ममता रानी, मनीष मालव सहित संगठन के सदस्य उपस्थित रहे।


**राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**

क्रमांक 4531 जाहिर आम सूचना दिनांक - 19.2.25

आवास संख्या 2-त-24 विज्ञान नगर कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री जफर मोहम्मद पुत्र श्री शबराती भाई को किया गया था। इस आवास का नियमितिकरण श्री जटाशंकर शर्मा पुत्र श्री रामचन्द्र के नाम दिनांक 15.03.1999 को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्री जटाशंकर शर्मा पुत्र श्री रामचन्द्र द्वारा दिनांक 30.03.1999 को अपने पक्ष में करवाया जा चुका है। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री जटाशंकर शर्मा पुत्र श्री रामचन्द्र की मृत्यु दिनांक 26.01.2007 को हो चुकी है। श्री जटाशंकर शर्मा पुत्र श्री रामचन्द्र द्वारा इस आवास की वसीयत अपने जीवनकाल में जरिये वसीयत नामा आलेखित कर दिनांक 15.04.2005 को को इनके पुत्र श्री पंकज शर्मा के पक्ष में आलेखित की गई। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री पंकज शर्मा पुत्र स्व. श्री जटाशंकर शर्मा की मृत्यु दिनांक 08.06.2024 को हो चुकी है। श्री पंकज शर्मा पुत्र स्व. श्री जटाशंकर शर्मा द्वारा इस आवास की वसीयत अपने जीवनकाल में जरिये वसीयत नामा आलेखित कर दिनांक 13.01.2024 को इनकी पत्नी श्रीमती रेखा शर्मा के पक्ष में आलेखित की गई। श्रीमती रेखा शर्मा पत्नी श्री पंकज शर्मा द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 2-त-24 विज्ञान नगर कोटा को उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन अपने नाम आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयत नामा के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।

अत: उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयत नामा के आधार पर श्रीमती रेखा शर्मा पत्नी श्री पंकज शर्मा के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती रेखा शर्मा पत्नी श्री पंकज शर्मा के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती रेखा शर्मा पत्नी श्री पंकज शर्मा के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

